**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 3964**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## चेन्नई विमानपत्तन पर वायु यातायात नियंत्रण प्रणाली

**3964. श्री डी. एम. कथीर आनंद:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि चेन्नई विमानपत्तन पर वायु यातायात नियंत्रण प्रणाली (एटीएस) इस हवाई पट्टी से गुजरने वाली विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय यात्री और मालवाहक उड़ानों को एटीएस सिग्नल प्रदान कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:
(ख) क्या सरकार को चेन्नई एटीएस से सिग्नल सेवाएं प्रदान करने की एवज में अच्छा राजस्व प्राप्त होता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार का देश के अन्य प्रमुख विमानपत्तनों पर एटीएस स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): चेन्नई हवाईअड्डे पर स्थित वायु यातायात नियंत्रण यूनिट चेन्नई उड़ान सूचना क्षेत्र के अंतर्गत परिचालन करने वाली सभी उड़ानों के लिए वायु यातायात सेवाएं (एटीएस) प्रदान करती है।

(ख): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने, एकमात्र वायु दिक्चालन सेवा प्रदाता (एएनएसपी) होने के नाते, वित्त वर्ष 2023-24 में चेन्नई में प्रदान की गई दिक्चालन सेवाओं के लिए 198.48 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया।

(ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, ऐसे सिविल एन्क्लेवों जहां वायु यातायात सेवाएं संबंधित रक्षा प्राधिकरणों द्वारा प्रदान की जाती है, को छोड़कर सभी हवाईअड्डों पर वायु यातायात सेवाएं प्रदान करता है।

******